RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 150 • 21:09:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त कर देगी : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देगी। शाह ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और कहा कि अन्यथा उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। इनमें बस्तर शांति समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के नक्सली हिंसा से प्रभावित 55 लोग शामिल थे। बस्तर शांति समिति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से पीड़ित लोगों की व्यथा को दर्शाने वाली एक डॉक्यूमेन्टरी भी दिखाई। नक्सली हिंसा से पीड़ित कुछ लोगों ने गृह मंत्री को अपनी व्यथा भी बताई। नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से संवाद के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की हिंसा के शिकार ये लोग अपने मानव अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इनकी पीड़ा देख मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा, "मानवता के दुश्मन नक्सलवाद ने कैसे इन लोगों के जीवन को उजाड़ दिया। इनका यह दुःख ह्यूमन राइट्स का एक तरफा शोर मचाने वाले लोगों के दोगलेपन को भी दर्शाता है। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के मानवाधिकार का पक्ष लेने वालों को इससे पीड़ित होने वालों का मानवाधिकार देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए उग्रवादियों के ह्यूमन राइट्स की बात करने वाले लोगों को बिना आंख, बिना हाथ, बिना पैर के जीवन जीने के लिए मजबूर इन लोगों के ह्यूमन राइट्स नजर नहीं आते। उन्होंने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि वे कानून के सामने आत्मसमर्पण करें और अपने हथियार छोड़ दें। पूर्वोत्तर और कश्मीर में कई जगहों पर कई लोगों ने अपने हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसके खिलाफ अभियान शुरू करेंगे और इसमें सफलता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण, वामपंथी उग्रवाद अब छत्तीसगढ़ में बस्तर के कुछ ज़िलों तक सीमित होकर रह गया है।

### मोदी और बाइडन के बीच आज होगी वार्ता, समझौतों पर करेंगे दस्तखत



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच शनिवार को क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर महत्त्वपूर्ण बातचीत होगी और वार्ता के बाद दोनों पक्ष कम से कम दो समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 सितंबर को डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन के मौके पर बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश में भारत का हाथ होने के वाशिंगटन के आरोपों के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ असहजता के बीच मोदी और बाइडन के बीच बातचीत होगी। अमेरिका साजिश की भारतीय जांच पर जानकारी के लिए भारत पर लगातार दबाव डालता रहा है और कहता रहा है कि वह मामले में जवाबदेही चाहता है। बैठक में मोदी द्वारा रूस-यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने पर मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ अपनी हालिया बातचीत से बाइडन को अवगत कराए जाने की भी उम्मीद है।विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को कहा कि एक समझौता हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) से संबंधित होगा और दूसरा समझौता ज्ञापन भारत-अमेरिका ड्रग फ्रेमवर्क पर होगा। मोदी वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के लिए 21 सितंबर से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे।

## रक्षा मंत्री ने ओपन वाटर तैराकी अभियान का ध्वज हासिल किया


एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखे गए अंडमान एवं निकोबार के 21 द्वीपों के लिए अपनी तरह के पहले खुले जल में तैराकी अभियान का ध्वज शुक्रवार को नई दिल्ली में हासिल किया। इस अभियान के दौरान 21 वीरता पुरस्कार विजेताओं के बलिदान को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राजनाथ सिंह ने अभियान के दौरान अनेक चुनौतियों पर विजय पाने तथा परमवीरों की वीरता और बलिदान की कहानियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए टीम की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी साल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अंडमान और निकोबार के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नाम परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा था। तीनों सेनाओं के अंडमान और निकोबार कमांड ने 'अभियान परमवीर' शुरू किया, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों की एक टीम ने सभी 21 द्वीपों की यात्रा करके प्रत्येक द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। 11 सदस्यीय अभियान दल का नेतृत्व ओपन वॉटर तैराक और तेनजिंग नॉर्वे नेशनल एडवेंचर अवार्डी विंग कमांडर परमवीर सिंह ने किया। विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को श्री विजयपुरम से नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप तक के अभियान को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई गई थी। सेना और तटरक्षक बल के 11 कर्मियों ने पांच महीनों तक 300 किलोमीटर से अधिक की 'बिना सहायता के खुले जल में तैराकी' की और प्रत्येक द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अभियान का समापन 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस पर हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप से श्री विजयपुरम तक अंतिम तैराकी सशस्त्र बलों और तटरक्षक बल के 78 कर्मियों ने की। सभी तैराकों ने 'बिना सहायता वाले खुले पानी में तैराकी' की श्रेणी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों और विनियमों के अनुसार अभियान चलाया, जिसके अनुसार तैराकों को केवल स्विम ट्रंक, गॉगल्स और कैप ही पहनने चाहिए। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने टीम के साहस और क्षमता की सराहना की, जिसने समुद्र में कई चुनौतियों को पार करते हुए परम वीरों की वीरता और बलिदान की कहानियों को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सरकार के प्रयासों के अनुरूप है, ताकि राष्ट्र की सेवा में खुद को बलिदान करने वाले हमारे सैनिकों के वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में लोगों, खासकर युवाओं को पता चल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सशस्त्र बलों के जवान देश को गौरवान्वित करके युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। अभियान के दौरान तैराकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें गंभीर थकावट और अशांत समुद्री परिस्थितियां शामिल थीं। क्षेत्र में कई बार घातक समुद्री जीवों से सामना हुआ। पूरा अभियान बिना किसी दुर्घटना के पूरा होना शानदार उपलब्धि रहा, क्योंकि भाग लेने वाले अधिकांश सैन्य कर्मचारी पहली बार खुले समुद्र में तैराकी कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेल मंत्री वैष्णव ने भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली**। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं। पर्यटक अब भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का बेहतरीन अनुभव कर सकेंगे। यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी। ठहरने और यात्रा की सभी व्यवस्थाएं भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएंगी। अब तक सबसे लोकप्रिय यात्रा ट्रेनों में श्री रामायण यात्रा, श्री जगन्नाथ यात्रा, बुद्ध यात्रा, महावीर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, ज्योतिर्लिंग भक्ति यात्रा, अंबेडकर यात्रा, चारधाम यात्रा, पुण्य काशी यात्रा, पूर्वोत्तर खोज, उत्तर भारत यात्रा और दक्षिण भारत यात्रा आदि शामिल हैं।

### एनआईए ने मनोरमा देवी के घर से चार करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की



**पटना/गया**। एनआई की टीम ने बिहार में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर चार करोड़ तीन लाख रुपये की नकदी बरामद की है। एजेंसी ने गुरुवार सुबह 6:00 बजे उनकी घर पर छापा मारा था। यह कार्रवाई लगभग 20 घंटे तक चली। एनआईए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि घर से चार करोड़ तीन लाख रुपये बरामद हुए हैं। इसके अलावा विभिन्न बोर के 10 हथियार भी मिले हैं। विज्ञप्ति में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद होने की भी जानकारी दी गई। एनआईए ने बताया गया कि अगस्त, 2023 में औरंगाबाद जिले से दो नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई थी। उनसे मिले इनपुट के आधार पर उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। तब से तहकीकात चल रही थी। इसी क्रम में मनोरमा देवी के गया स्थित तीन ठिकानों पर छापा मारा गया। शहर के एपी कॉलोनी स्थित उनके आवासे से यह सब बरामदगी हुई है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। छापा खत्म होने के बाद मनोरमा देवी मीडिया के सामने आईं। उन्होंने बताया कि अचानक सुबह 6:00 बजे एनआईए की टीम पहुंची और तलाशी लेने लगी। हमने पूरा सहयोग किया। जो रकम बरामद हुई है, वह बैंक लोन की है। उसका पूरा हिसाब किताब है।

## न्यायपालिका पर सवाल उठाने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई सीबीआई को फटकार

एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में एक याचिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाई है। पश्चिम बंगाल में न्यायपालिका पर सवाल उठाने वाली इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सीबीआई ने याचिका फाइल कर 45 मामलों को बंगाल से बाहर की अदालत में शिफ्ट करने की मांग की थी। जस्टिस एएस ओका और पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि सीबीआई न्यायपालिका कि छवि को धूमिल कर रही है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने कहा था कि पश्चिम बंगाल की कोर्ट में सुनवाई के दौरान दुश्मनी अदा करने जैसा व्यवहार किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस आरोप को आपत्तिजनक बताते हुए याचिका वापस लेने का आदेश दिया है। पीठ ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि याचिका में कहा गया है कि जज गलत तरीके से जमानत दे रहे हैं। आप सभी अदालतों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं और उन्हें पक्षपाती बताना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि आप वहां के जजों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह अस्वीकार्य है। बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई चुनाव के बाद हिंसा की घटनाओं की जांच कर रही है। सीबीआई का कहना है कि राज्य का माहौल ठीक नहीं है। ऐसे में निष्पक्ष सुनवाई के लिए मामलों को राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की जरूरत है। 14 फरवरी को एक सिंगल जज की बेंच ने इन मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सीबीआई को अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। कोर्ट ने कहा कि जिस व्यक्ति ने इस याचिका को प्रमाणित किया है उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के लिए यह मामला पर्याप्त है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आखिर एजेंसी की याचिका में कोर्ट के खिलाफ इस तरह की बात कैसे की जा सकती है। कोर्ट ने कहा जज खुद को डिफेंड नहीं कर सकते लेकिन हम आपको इस तरह के आरोप लगाने की भी इजाजत नहीं दे सकते। वहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर इन मामलों को राज्य के बाहर शिफ्ट किया जाता है तो पीड़ितों का क्या होगा। उनके लिए कोर्ट पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। इसके बाद एएसजी राजू ने याचिका वापस लेने का फैसला किया।

**कहा- आप जजों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे, यह अस्वीकार्य है**



### सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक यूट्यूब चैनल हैक, दिखाई दिया क्रिप्टो प्रमोट का विज्ञापन

**नई दिल्ली**। क्रिप्टो प्रमोट करने वाले हैंकर्स ने वीडियो पोस्ट कर भारत के सुप्रीम कोर्ट का ऑफिशयल यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक किया गया। इस घटना को एक बड़ा साइबर सिक्योरिटी ब्रीच माना जा रहा है। हैक होने के बाद चैनल पर अदालती कार्यवाही के बजाय क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा अनधिकृत कंटेंट दिख रहा था। न्यायपालिका के लिए अहम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल आम तौर पर संवैधानिक बेंच के सामने अहम मामलों और सार्वजनिक हित के दूसरे मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए किया जाता है। हैकर्स ने एक्सआरपी को प्रमोट करने वाले वीडियो पोस्ट किए, जो यूएस -बेस्ड रिपल लैब्स की ओर से डेवलप एक क्रिप्टोकरेंसी है। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या से संबंधित संवेदनशील स्वतः संज्ञान मामले की लाइव स्ट्रीमिंग की थी।

## समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हुआ स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत

- पश्चिमी बेड़े में शामिल करने से नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और बढ़ी
- पोत के डेक पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे

एजेंसी। नई दिल्ली



आख़िरकार लम्बे इन्तजार के बाद भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हो गया है। तैनाती के रूप में जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे भारतीय नौसेना की 'स्वॉर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और ज्यादा बढ़ गई है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो साल पहले 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'विक्रांत' राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। नौसेना में शामिल किये जाने के बावजूद यह पूरी तरह से चालू नहीं था, क्योंकि इसकी प्राथमिक हथियार प्रणाली, लड़ाकू जेट विमानों ने विमान वाहक पोत के डेक से अपने विमानन परीक्षणों को पूरा नहीं किया था। भारतीय नौसेना के पायलटों ने पिछले साल फरवरी में एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को कामयाबी के साथ लैंड और टेक ऑफ करके 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया। आईएनएस विक्रांत पर पिछले साल मार्च में पहली बार रात के समय कामोव 31 हेलीकॉप्टर उतार कर 'नाइट लैंडिंग' का सफल परीक्षण किया गया। लगभग 4 माह तक पोत पर फाइटर जेट की लैंडिंग और टेक ऑफ करने के परीक्षण किये गए। तमाम तरह के परीक्षणों के दौर से गुजरने के बाद विक्रांत को पूर्ण परिचालन का दर्जा मिल गया। आखिरकार विक्रांत को पूरी तरह से ऑपरेशनल होने का इन्तजार ख़त्म हो गया। नौसेना ने आधिकारिक तौर पर आज आईएनएस विक्रांत के पश्चिमी बेड़े में शामिल होने का ऐलान किया है। नौसेना के मुताबिक आईएनएस विक्रमादित्य के नेतृत्व में कैरियर बैटल ग्रुप ने अरब सागर में मल्टी डोमेन एक्सरसाइज और ट्विन कैरियर फाइटर ऑपरेशन के साथ आईएनएस विक्रांत को पश्चिमी बेड़े में शामिल किया।

### अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री योगी पर तंजः 'साधु वेष में घूमते धूर्त अनंत'

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जारी तीखी बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। दोनों नेता लगातार एक-दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं। हाल ही में अखिलेश यादव ने एक बार फिर बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए तंज कसा, जिसमें उन्होंने लिखा, "भाषा से पहचानिए असली संत महंत। साधु वेष में घूमते जग में धूर्त अनंत।" इस पोस्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर एक सीधा हमला माना जा रहा है। यह ताजा बयानबाजी उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों की पृष्ठभूमि में हो रही है, जहां भाजपा और सपा के बीच तीव्र मुकाबला देखा जा रहा है।

## मालगाड़ी पटरी से उतरी तो तहस-नहस हो गया रेलवे ट्रेक, 42 ट्रेनों के बदलना पड़े रास्ते

एजेंसी। आगरा



आगरा-दिल्ली रेलमार्ग से गुजरने वाली 42 ट्रेनों का रास्ता बदला गया है। वजह ये है कि इस ट्रेक पर बुधवार को मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण ट्रेक बुरी तरह तहस नहस हो गया था। जिसे ठीक करने का काम तेजी से चल रहा है। गुरुवार रात 26 घंटे बीतने के बाद एक और लाइन को चालू कर दी गई। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने बताया कि हमारी प्राथमिकता जल्द से जल्द ट्रेन संचालन शुरू की है। टीमें जुटी हुई हैं। घटना के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। बुधवार रात आठ बजे हाट एक्सल के चलते वृंदावन रोड व आझई रेलवे स्टेशन के बीच मालगाड़ी के 26 वैगन पटरी से उतर गए। अप-डाउन के साथ ही तीसरी लाइन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। चौथी लाइन से बुधवार देर रात आगरा से दिल्ली रूट पर ट्रेन संचालन शुरू किया गया। दुर्घटना में 500 मीटर ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक पर लगे 800 स्लीपर भी टूट गए। कई ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) क्षतिग्रस्त होने के साथ ही खंभे टूटे हैं। युद्ध स्तर पर चल रहे राहत कार्य में 800 रेल कर्मचारियों को लगाया गया है। 12 जेसीबी के साथ क्रेन भी लगाई गई हैं। दुर्घटना के बाद वंदेभारत, राजधानी समेत 34 ट्रेनों को रद, आठ ट्रेन आंशिक रूप से रद रहीं। वहीं 42 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया।10 से अधिक वैगन एक-दूसरे पर चढ़कर पलट गए। इससे वैगन के साथ रेल ट्रैक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। वैगन पलटकर दूसरी लाइन पर आने के कारण आगरा-दिल्ली रूट पर अप लाइन के साथ ही डाउन लाइन और तीसरी लाइन पर भी आवागमन बाधित हो गया। देर रात आगरा-दिल्ली रूट पर चौथी लाइन से धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया। लेकिन मालगाड़ी में लदा कोयला फैलने और ट्रैक क्षतिग्रस्त होने के कारण बाकी लाइनों पर ट्रेनों का संचालन शुरू कराने में दिक्कत आ रही थी। रात ढाई बजे के बाद राहत कार्य में तेजी आई।

## सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में छह आरोपितों के खिलाफ दूसरा आरोपपत्र दाखिल किया



**नई दिल्ली**। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में छह के खिलाफ दूसरा आरोपपत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दाखिल किया गया है। सीबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। सीबीआई के मुताबिक, यह दूसरा आरोप पत्र बलदेव कुमार उर्फ चिंटू , सनी कुमार , डॉ. अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग और हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) , मो. इम्तियाज आलम (उप-प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक) , जमालुद्दीन उर्फ जमाल (हजारीबाग के एक समाचार पत्र का रिपोर्टर) और अमन कुमार सिंह सहित छह आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ दायर किया गया है। सीबीआई ने इससे पहले 1 अगस्त को 13 आरोपितों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दाखिल किया था। सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्यों को गायब करना) और धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है। इसके अतिरिक्त ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक और उप-प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज आलम के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित ) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(ए) के तहत ठोस आरोप लगाए गए हैं। सीबीआई की जांच में पता चला है कि ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक ने नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए केंद्र अधीक्षक मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपितों के साथ मिलकर नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक करने की साजिश रची थी। सीबीआई के मुताबिक,अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है।

### राहुल सुबह-सुबह अमेरिका में मिले युवक के घर पहुंचे

**करनाल**। हरियाणा के करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव में शुक्रवार सुबह राहुल गांधी अचानक पहुंच गए जिससे वहां राजनीतिक हलचल मच गई। सुबह करीब साढ़े 5 बजे राहुल गांधी अमेरिका दौरे के दौरान मिले एक युवक के परिवार से मिलने यहां पहुंचे थे, जो उनके लिए व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक बन गया। इस दौरे को सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष दोनों के लिए एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राहुल गांधी ने युवक के परिवार से मुलाकात कर हालचाल जाना और उनके साथ आधे घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका में रह रहे युवक से वीडियो कॉल पर बात भी की, जिससे यह संदेश दिया कि वह न केवल देश में बल्कि विदेशों में बसे भारतीयों के साथ भी संपर्क बनाए रखना चाहते हैं।

### श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में गर्भगृह के पास शार्ट-सर्किट से छूटी चिंगारी, मची भगदड़



**वाराणसी**। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गर्भगृह के पास शार्ट-सर्किट हुआ और आग लगने से हड़कंप मच गया। मंदिर में मौजूद भक्त आग को देखकर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, सेवादारों और पुलिसकर्मियों की सजगता से किसी को आग से कोई हानि नहीं हुई। मंदिर में आग लगने की घटना के बाद सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने सभी द्वार से श्रद्धालुओं को हटा दिया। बिजलीकर्मियों ने मंदिर में लगे केबल की जांच की। जांच में गर्भगृह के दक्षिणी प्रवेश द्वार से बिजली के केबल में फाल्ट पाया। मंदिर के एसडीएम शंभु कुमार ने बताया कि गर्भगृह में काफी पुराने तारों से बिजली आपूर्ति हो रही है। बारिश से स्पार्किंग और शार्ट-सर्किट हुआ। इससे दक्षिणी द्वार से थोड़े समय के लिए दर्शन-पूजन बाधित रहा। किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। दक्षिणी प्रवेश द्वार की तरफ हुई आगलगी की घटना के बाद मंदिर प्रशासन सतर्क हो गया। गुरुवार को पूरे दिन मंदिर परिसर का सिक्यूरिटी ऑडिट कराया गया। एसडीएम के नेतृत्व में बिजली मैकेनिक और इंजीनियरों की टीम ने एक-एक हिस्से में बिजली केबल और आपूर्ति वाले क्षेत्रों की जांच की।



# बिहार में 1000 नए पुल बनाएगी केंद्र सरकार, 10 हजार किलोमीटर रोड की मरम्मत भी करेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के ग्रामीण इलाकों के 1000 क्षतिग्रस्त पुलों की जगह नए ब्रिज के निर्माण में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मदद करेगी। यही नहीं, केंद्र ने 10 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का भी भरोसा नीतीश सरकार को दिया है। साथ ही बिहार के संपर्कता से छूटी 7209 बसावटों को पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गुरुवार को दिल्ली में बिहार के ग्रामीण सड़कों और पुलों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, निदेशक केएम सिंह, बिहार ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख भगवत राम, पीएमजीएसवाई के नोडल पदाधिकारी कुमार राजीव रंजन मौजूद रहे।

इस बैठक में बिहार सराकर की ओर से ग्रामीण सड़कों पर लगभग 1000 क्षतिग्रस्त पुलों के स्थान पर नए पुल, नवसृजित कटाव के कारण प्रस्तावित पुल के साथ छूटे पुलों के निर्माण कराने का आग्रह किया गया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिलावार संख्या, लंबाई एवं अनुमानित राशि की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश राज्य के पदाधिकारियों को दिया। बैठक में संपर्कता से छूटे 7209 बसावट और टोलों को सम्पर्कता प्रदान करने के लिए इन्हें पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने का अनुरोध किया गया। केंद्र सरकार ने इनके लिए 8283 किलोमीटर प्रस्तावित सड़क में से निर्धारित मापदंड के तहत आने वाली बसावटों-टोलों को संपर्कता प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एवं अपना निर्धारित समय पूर्ण कर चुके लगभग 10 हजार किलोमीटर सड़क के उन्नयन, मजबूतीकरण व चौड़ीकरण करने का आग्रह किया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्य के पदाधिकारियों को ऐसी सभी महत्वपूर्ण सड़कों के लिए विस्तृत विवरणी लंबाई के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्काम भाव से करें अपना कर्म : डॉ. अशोक

**दरभंगा, एजेंसी।** महारानी कल्याणी कॉलेज में एनएसएस इकाई तथा स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर सह सेवा ही धर्म विषय पर गुरुवार को विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैंसर अस्पताल के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हृदय रोग के बाद कैंसर रोग मानव मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हृदय रोग की तुलना में कैंसर रोगी को अत्यधिक कष्ट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें अहंकार भाव से नहीं, बल्कि निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा ही मानव का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कर्म होना चाहिए। डॉ. बीबी शाही ने कहा कि पान मसाला, गुटखा एवं खैनी आदि के अधिक सेवन के कारण दरभंगा में मुंह के कैंसर के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रारंभिक अवस्था में पता लगने से कैंसर का शत-प्रतिशत इलाज संभव है। डॉ. सुधाकर सिंह ने कहा कि एक सिगरेट पीने से मानव की औसतन आठ मिनट आयु कम हो जाती है। एनएसएस समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि नियमित खेलकूद, व्यायाम, योग-प्राणायाम को अपनाने तथा मसाला, जंक एवं फास्ट फूड को त्याग कर अच्छी जीवनशैली जीने से कैंसर रोग को कम किया जा सकता है। लनामिवि के भूसंपदा पदाधिकारी डॉ. कामेश्वर पासवान ने छात्र- छात्राओं से खुद को कैंसर से बचाते हुए समाज को भी बचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मो. रहमतुल्लाह ने कैंसर से बचाव के विभिन्न तरीकों को अपने जीवन में अपनाने की छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि मन में करुणा का भाव लेकर समाजसेवा करना ही वास्तविक सेवाधर्म है। मौके पर परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### जलालगढ़ में पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न

**पूर्णिया, एजेंसी।** जलालगढ़ प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख निखिल किशोर उर्फ भिखारी यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ममता कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारियों के भाग नहीं लेने उन पर स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्णय लिया गया। दनसार पंचायत में मोटेशन में हो रहे धांधली पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया । दर्जियाबाड़ी में गरीबों को सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध हो जाने के बाद भी लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिए जाने पर भी चर्चा हुई तथा उसे खाली करने के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। कई पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने का ध्यान आकृष्ट कराया गया। कई उप स्वास्थ्य केंद्र जब तक डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता तब तक नर्स उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास प्रतीक्षा सूची उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप रजक के द्वारा बिहार सरकार कृषि एप का संपूर्ण जानकारी दी गई। सहकारिता के जितने भी वोटर उनको सूची मांगी गई ताकि नया वोटर बनाया जा सके। सोलर लाइट को लेकर काफी गमहा गहमी हुई। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि जहां-जहां सोलर लाइट लगी है उनमें 60 से 70प्रतिशत खराब है। बैठक में शिक्षा ,मनरेगा ,स्वास्थ्य ,पशुपालन आदि पर भी चर्चा हुई।

### विषाक्त भोजन खाने से पांच लोग हुए बीमार, भर्ती

**सहरसा, एजेंसी।** पुरीख गांव में बुधवार को विषाक्त भोजन खाने के कारण एक ही परिवार के पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई।सभी लोगों को पंचगछिया अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोगों को बेहतर उपचार के लिये सहरसा भेजा गया। बताया जाता है कि पुरीख गांव निवासी मनीष पंडित के यहां बुधवार को दोपहर में खाना खाने के लिये चावल,दाल और सब्जी बनाया गया था। शाम में पहले एक सदस्य को उल्टी हुई । फिर घर के दूसरे सदस्य को भी उल्टी हुई और उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। उल्टी के बाद मनीष पंडित, देवकी देवी, गीता कुमारी, अखिलेश कुमार एवं छोटी कुमारी की तबीयत बिगड़ने लगी। सहरसा में ईलाज होने के बाद देर रात से सबों की तबीयत ठीक होने लगी। बताया जाता है कि खाने में कोई जहरीले चीज के गिरने के बाद खाने से इस तरह की समस्या हुई थी।

## एक करोड़ नये मेंबर बनाएगा राजद

# दिल्ली में लालू तो पटना में तेजस्वी के हाथ अभियान की कमान



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल( आरजेडी ) ने इस बार एक करोड़ नए लोगों को पार्टी से बतौर सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। गुरुवार को दिल्ली और पटना से पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ देश के बीस राज्यों में पार्टी का सदस्यता कार्यक्रम शुरू हो गया है। पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश राजद कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की तो दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने। बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसके मद्देनजर पार्टी ने सदस्यता अभियान में पूरी ताकत झोंक दिया है।

लालू प्रसाद ने नई दिल्ली में पार्टी सांसद डॉ. मीसा भारती के आवास पर अभियान की शुरुआत की। तेजस्वी को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने तो लालू को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी आदि ने सदस्यता रसीद दी। इसके साथ ही बिहार सहित देश के 20 राज्यों में सदस्यता अभियान शुरू हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों का प्रयास सभी जाति-धर्म एवं वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ना है। कार्यकर्ताओं को एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया।

तेजस्वी यादव ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के दिल्ली और बिहार में जितने सदस्य हैं, उतने वोट भी उन्हें नहीं मिलते। राजद कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का सदस्य बनाएं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि नवादा की घटना के दोषी को सजा मिलनी चाहिए। पार्टी की जांच कमेटी शुक्रवार को घटनास्थल पर जाएगी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के बयान पर कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं रहता है। इसमें शामिल लोगों की पुलिस ने लिस्ट जारी की है। वे केंद्र सरकार में हैं, राज्य सरकार पर दवाब बनाकर दोषी को सजा दिलाएं। पटना के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह और संचालन प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने किया। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सांसद संजय यादव, झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

इधर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर कहा है कि तेजस्वी नौवीं कक्षा में फेल हो गए और जब वे क्रिकेट खेलने गए तो वहां पानी ढोते थे। तेजस्वी यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की असली पहचान सिर्फ लालू यादव के पुत्र के रूप में हैं। उनका किसी महत्वपूर्ण मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। उनकी राजनीति सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर चुनाव जीतना है। उन्हें चुनौती है कि वह जीडीपी को परिभाषित कर दें।

# बाढ़ के पानी में डूबकर बुजुर्ग की मौत



## भोजपुर में मवेशियों को लेकर आ रहे थे, मछुआरों ने परिजनों को दी जानकारी

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्व.राम आश्रय मलाह के 60 वर्षीय पुत्र बुटाई मलाह हैं। वह मछली मारने का काम करते थे। मृतक के बेटे फागु मलाह ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर दरवाजा है, जहां मवेशी रहते हैं। वे वहीं पर रहा करते थे और सिर्फ खाना खाने के लिए घर पर आते थे। गांव सहित सभी आसपास के इलाके में बाढ़ का पानी बहुत ज्यादा भर गया है। वह मवेशी को लेकर बाढ़ के पानी में प्रवेश कर घर आ रहे थे। इसी बीच वह बाढ़ के पानी में डूब गए। उनके डूबने के घंटों बाद एक मछुआरों ने सूचना दी कि पिता बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।

### मछुआरों के सहयोग से लाश निकाली गई

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय मछुआरों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन उनके शव को थाना लाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्र अजय मलाह, त्रिलोकी मलाह, फागु मलाह, मंटू चौधरी और दो पुत्री फूलकुमारी देवी व शिवकुमारी देवी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# किराए के कमरे में मिला महिला का शव, 15 दिन पहले रेंट पर आई थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार देर रात एक महिला का शव किराए के घर में मिला। 15 दिन पहले रेंट पर महिला पति और भैंसुर के साथ आई थी। महिला को छोड़कर वे लोग चले गए। वो अकेले कमरे में रह रही थी। कमरे से जब बदबू आने लगी तो आसपास के किराएदारों ने मकान मालिक को जानकारी दी। मकान मालिक ने ताला तोड़कर देखा तो पता चला लाश पड़ी है। पुलिस को बुलाया गया। पुलिस के अनुसार लाश करीब 4 दिन पुरानी है। मृतका पूर्वी चंपारण के हुसेनी गांव की रहने वाली थी। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हूआ पैगंबरपुर मिडिल स्कूल के पास की है।

**आधार कार्ड से महिला के बारे में पता लगाया जा रहा :** अहियापुर पुलिस ने मकान मालिक दिवाकर कुमार से पूछताछ की। दिवाकर महिला का नाम नहीं बता पाए। मकान मालिक ने पुलिस को पूर्वी चंपारण के पुरैना निवासी रवि कुमार के आधार कार्ड की छाया प्रति दी है। जिस युवक के आधार कार्ड की छाया प्रति दी गई उसे महिला ने अपना भाई बताया था। अहियापुर थानेदार ने बताया कि बाहर से बंद कमरे में महिला का शव मिला है। एफएसएल से छानबीन कराई जा रही है। मकान मालिक ने एक आधार कार्ड दिया है। उससे महिला का सुराग लगाया जा रहा है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा :** एसडीपीओ-2 विनिता सिन्हा ने बताया कि शव चार दिन पुराना लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। द्धह्यद्य की टीम घटना स्थल की जांच कर रही है। बाकी किराएदार से बात हुई तो पता चला कि कुछ दिन पहले महिला डॉक्टर से मिलने गई हुई थी।

# समस्तीपुर में गंगा ने धारण किया रौद्र रूप: 25 से अधिक गांवों में घुसा पानी

### मोहनपुर में खतरे के निशान से 2.05 मीटर ऊपर बह रही

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर से गुजरने वाली गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गुरुवार शाम खतरे के निशान से 2.05 सेमी ऊपर बह रही थी। गंगा नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि के कारण मोहनपुर मोहिउद्दीन नगर और विद्यापति नगर प्रखंड के 25 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़क संपर्क भंग हो गया है। खासकर मोहनपुर प्रखंड के गांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां धरनी पट्टी पंचायत के अधिकतर गांव से जिला और प्रखंड मुख्यालय का संपर्क खत्म हो गया है। लोग नाव के सहारे ही आवाजाही कर रहे हैं। दोबारा आई गंगा नदी में बाढ़ के कारण दियारा इलाकों में स्थिति गंभीर हो गई है। इन इलाकों के कुल 39 प्राइमरी और मध्य विद्यालय को तत्काल बंद कर दिया गया है। मोहनपुर प्रखंड के धरनी पट्टी पश्चिम पंचायत के हरदासपुर, सरसावा, जहैंगरा, बघरा के अलावा डुमरी दक्षिणी पंचायत डुमरी उत्तरी पंचायत, जलालपुर बिशनपुर बेरी, मटियोर, राजपुरा गांव में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। इस कारण बिंदगामा से जौनपुर जाने वाली सड़क पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा है। इसी तरह डुमरी से दियारा मोड जाने वाली सड़क पर भी पानी है। सड़क पर पानी चढ़ जाने के कारण इस इलाके के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। लोग नाव के सहारे आवाजाही को मजबूर हैं। मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के 8 पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इन पंचायत में राजपुर पतासिया पूर्वी, राजपुर पतासिया पश्चिम, बोचहा, मोहम्मदीपुर, कुरसाहा, तेतारपुर और हरैल पंचायत के गांव शामिल है। इन गांव की कई सड़कों पर बाढ़ का पानी बहने से सड़क यातायात बंद हो गया है। उधर, विद्यापति नगर प्रखंड के भी आधा दर्जन दियारा इलाके के पंचायत में गंगा नदी का पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा

इस बीच डीएम रोशन कुशवाहा द्वारा अंचल मोहनपुर मोहिद्दीननगर और विद्यापति नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया किया है । भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण कटाव क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया । सभी संबंधित पदाधिकारियों और संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया ।

# अचानक सड़क पर दिखा मगरमच्छ, 30 सेकेंड तक रुका था, फिर जंगल में भागा



**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व स्थित धोबहा पुल के निकट एक दृश्य देखने को मिला जिसने वहां मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। रात के समय वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर एक विशाल मगरमच्छ सड़क पार करता नजर आया। इस अद्भुत पल को वाल्मीकि नगर के निवासी राहुल देव ने न सिर्फ देखा बल्कि इसका वीडियो भी बना लिया। राहुल ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से जा रहे थे जब अचानक उनकी नजर इस भारी-भरकम मगरमच्छ पर पड़ी। चौंकते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी के ब्रेक लगाए और मगरमच्छ को सड़क पार करते हुए देखने लगे। लगभग 30 सेकेंड तक चले इस रोमांचक नजारे में मगरमच्छ ने धीरे-धीरे सड़क पार की और जंगल की ओर चला गया। यह घटना उस वक्त और भी दिलचस्प हो गई जब राहुल ने इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल में कैद कर लिया। वीटीआर के आसपास के इलाके में अक्सर वन्य जीवों को सड़क पार करते हुए देखा जाता है, लेकिन टाइगर रिजर्व के इस क्षेत्र में मगरमच्छ का देखा जाना आश्चर्य की बात है ।

दरअसल, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंदर जो भी नदियां हैं वे नदियां पहाड़ी नदी है, इन नदियों में मगरमच्छ नहीं पाया जाता है। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा है कि गंडक नदी से निकलकर जंगल के रास्ते होते हुए मगरमच्छ यहां आ गया होगा। स्थानीय लोग और पर्यटक अब इस वीडियो को देखकर हैरान हैं और इसे वन्यजीवन के साथ मानव जीवन के सीधे संपर्क का अद्भुत उदाहरण मान रहे हैं। मगरमच्छ करीब 20 करोड़ साल से धरती पर हैं, जो उन्हें डायनासोर के समकालीन बनाता है। यह उन्हें हमारे ग्रह के सबसे पुराने जीवों में से एक बनाता है। मगरमच्छ अपने जीवनकाल में 50 बार तक अपने दांतों को बदल सकते हैं। एक मगरमच्छ के मुंह में लगभग 80 दांत होते हैं और जब भी दांत टूटते हैं, नए दांत अपने आप उग आते हैं। मगरमच्छ पानी में बेहद तेज तैराक होते हैं। वे अपनी पूंछ के बल पर तैरते हैं और पानी में 32 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं। मगरमच्छ पानी के अंदर 1 से 2 घंटे तक सांस रोक सकते हैं। यह उन्हें शिकार करने में मदद करता है, क्योंकि वे बिना हिले-डुले लंबे समय तक शिकार का इंतजार कर सकते हैं। मगरमच्छ का जबड़ा पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली काटने वाली मांसपेशियों में से एक है। एक मगरमच्छ का काटने का दबाव 3,700 पाउंड प्रति वर्ग इंच होता है, जो किसी भी अन्य जानवर से अधिक है। मगरमच्छ ठंडे खून वाले होते हैं, इसलिए उनका शरीर का तापमान बाहर के वातावरण पर निर्भर करता है। वे धूप में बैठकर अपने शरीर को गर्म रखते हैं और ठंडे पानी में ठंडा करते हैं। मगरमच्छ रात में शिकार करने में माहिर होते हैं, क्योंकि उनकी आंखें कम रोशनी में भी बेहतरीन तरीके से देख सकती हैं। उनकी गंध और सुनने की क्षमता भी बेहद तेज होती है, जिससे वे शिकार को दूर से भी महसूस कर सकते हैं। मादा मगरमच्छ अपने अंडों की बहुत सुरक्षा करती हैं। अंडे देने के बाद वह घोंसले की चौकसी करती हैं और बच्चों के पैदा होते ही उन्हें अपने मुंह में उठाकर पानी में ले जाती हैं। मगरमच्छ की विभिन्न प्रजातियां होती हैं, जिनमें से कुछ प्रजातियां 6-7 मीटर लंबी और 1,000 किलोग्राम तक वजनी हो सकती हैं। सबसे बड़े मगरमच्छ को सॉल्टवॉटर मगरमच्छ माना जाता है। मगरमच्छ के दिल में चार कक्ष होते हैं, जो अन्य सरीसृपों से अलग है। यह उन्हें बहुत प्रभावी ढंग से अपने शरीर के तापमान और ऊर्जा का प्रबंधन करने में मदद करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामलों की हुई सुनवाई

**चा० भूमि बेतिया।** जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें मोहन राम, रामायण महतो, सुभाष महतो, धरणीकांत तिवारी, हरेन्द्र प्रसाद, मुन्ना साह, अशोक कुमार गुप्ता, गिरधारी राम, आरती देवी, सुनीता गुप्ता, ब्रजेश प्रसाद, चम्पा देवी, अंबिका प्रसाद, फुलकली देवी, चंदन कुमार, प्रमोद पासवान, अवधेश पांडेय आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, श्री अमरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, श्री विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता, श्रीमती बेबी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### PMCH में कमरा बंद कर पति-पत्नी की पिटाई का आरोप, डॉक्टर नहीं पहुंचे तो वीडियो बना रहे थे

**पटना।** पटना के PMCH में सास का इलाज कराने आए पति-पत्नी विकास कुमार और ज्योति कुमारी ने गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज पर मारपीट का आरोप लगाया है। दरअसल, औरंगाबाद जिले के मदनपुर थानांतर्गत घोड़ा डिहरी निवासी पति-पत्नी 17 सितंबर को मां का इलाज कराने पहुंचे थे। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सभी OPD बिल्डिंग के रूम नंबर 112 में गए। दोपहर 1:20 बजे तक डॉक्टर की सीट खाली थी, कमरे में कोई स्वास्थ्यकर्मी भी नहीं था। इस दौरान ज्योति खाली कुर्सी और कमरे का वीडियो बनाने लगी। इसके बाद गार्ड ने अपने साथी को बुलाया और मोबाइल छीनने के लिए बदसलूकी करने लगा। तभी ड्यूटी इंचार्ज पहुंच गया और कमरा बंद कर पति-पत्नी को पीटने लगे, किसी तरह कमरे का गेट खोल कर ज्योति बाहर निकली। इस दौरान विकास कमरे के अंदर ही फंस गया। शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। भीड़ देख आरोपियों ने विकास को छोड़ दिया। वहीं पीड़िता ने पुलिस को घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराया है। दोनों ने अस्पताल के गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पीरबहोर पुलिस ने PMCH के Top प्रभारी को जांच का जिम्मा सौंप है और जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश जारी किया है। घटना को लेकर पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के द्वारा बंधक बनाकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर लगे CCTV की जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के लिए पार्टियों की कमिटी जा रही नवादा

**पटना।** नवादा में दलितों की झोपड़ियों में आग लगाए जाने के बाद विभिन्न पार्टियों ने अपनी-अपनी कमिटी बनाई है और उसे नवादा भेज रही है। भाकपा माले की टीम 19 सितंबर को वहां पहुंची और लोगों से मुलाकात की। माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल और कई स्थानीय माले नेता वहां गए थे और पीड़ितों के भोजन आदि का प्रबंध किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी 19 सितंबर को रात के समय वहां पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने राहत सामग्री का वितरण किया और सरकार से जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की मांग है। उन्होंने 10-10 लाख मुआवजा की भी मांग की। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल जांच टीम का गठन किया है। इस 7 सदस्यीय टीम में संयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, सदस्य के तौर पर पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान, पूर्व विधायक समता देवी, विधायक सतीश दास और नवादा जिला अध्यक्ष उदय यादव शामिल हैं। 20 सितंबर को टीम नवादा जा रही है। लोजपा (रामविलास) पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बताया कि लोजपा का 8 सदस्यीय जांच दल 20 सितंबर को नवादा जा रहा है। इस टीम में का नेतृत्व राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेन्द्र कुमार मुन्ना और प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान करेंगे। इसमें संजय रविदास, विभूति पासवान, अभय कुमार सिंह, रानी देवी, रामकेश्वर प्रसाद और संजय मंडल सदस्य हैं। हम पार्टी के नेता विजय यादव ने बताया कि हम पार्टी के जिला स्तर के नेता गुरुवार को ही नवादा पहुंच चुके हैं।

### पटना में बाइक सवार युवक का शव बरामद, अभी तक नहीं हो सकी है पहचान, पॉकेट से बरामद हुआ चार्जर

**पटना।** पटना के शास्त्री नगर इलाके में बाइक सवार युवक का शव बरामद हुआ है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की करवाई में पुलिस जुट गई है। अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं शास्त्री नगर थानाध्यक्ष ने पुष्टि करते हुए बताया कि दीघा-आशियाना स्थित राजस्व कालोनी में एक युवक के गिरे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जांच जारी है। युवक के पास एक बाइक और पॉकेट से चार्जर बरामद किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर आगे की करवाई की जा रही है।

### बिहार के 3 लोगों से बातचीत कर सकते हैं प्रधानमंत्री, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे PM

**पटना।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरा होने पर आज वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के वर्धा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इसमें कुल 18 काम शामिल हैं, जिसकी पूरे भारत में ट्रेनिंग कराई जा रही है। इसमें कारपेंटर, बोट मेकर, आर्मरर, लोहार, हथौड़ा और टूलिकट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू, नारियल कायर, बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता, नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी, मत्स्य पालन, जाल निर्माता शामिल हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री, प्रशिक्षण ले रहे बिहार के 3 लोगों से बात कर सकते हैं। जन्मज्य कुमार, चांदनी कुमारी, सजनू कुमार का नाम सिलेक्ट कर के भेजा गया है। पीएम इनसे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर सकते हैं। इस पेशे से जुड़े लोगों को स्वरोजगार के लिए कारीगरों को 1 से 3 लाख रुपए का ऋण 5 प्रतिशत के ब्याज पर दो किश्त में दिया जाता है। सरकार की ओर से ट्रेनिंग लेने वालों को 15 हजार रुपए के टूलकिट बिल्कुल फ्री में दिए जाते हैं। जन्मज्य ने कहा कि आज प्रशिक्षण पूरा हो गया है। सर्टिफिकेट मिलने वाला है। पीएम से बातचीत होगी इसकी खुशी है। हम सभी को चाइनीज समानों का बॉयकॉट करना है। पहले घर पर था। सिलाई बुनाई कर रहा था। छोटी सी दुकान थी। अब यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद अच्छे से अपना काम करूंगा। ऋण भी मिलेगा, जिससे और लाभ मिलेगा। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पीएम से आज बात करने का मौका मिल रहा है। सारी चीजें उन्हें बता पाऊंगा।

### बाइक सटाकर अपराधियों ने गिरने का किया नाटक, फिर लूट

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में शिवपुरी के पास फ्लाईओवर पर फिल्मी स्टाइल में लूट हुई है। घटना लगभग रात के 10:30 बजे की है। दो बाइक सवार अपराधियों ने इस लूट की घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने पहले बाइक सवार राकेश कुमार गुप्ता का पीछा किया। फ्लाईओवर पर बगल से अपनी बाइक को पीड़ित की बाइक से सटाकर लड़खड़ाते हुए गिरने का नाटक करने लगे। पीड़ित अपनी बाइक रोक कर उनको देखने लगा। इसी बीच बाइक सवार बदमाश पास आए और कॉलर पकड़ लिया।

# बिहार इंटर स्कूल ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' का आयोजन

♦ 1 अक्टूबर से शुरूआत, क्रिकेट, चेस और BGMI गेम में खिलाड़ी लेंगे भाग,1 लाख रुपए है फर्स्ट प्राइज



एजेंसी, पटना।

बिहार का पहला 'बिहार इंटर स्कूल ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' 1 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। यह कॉम्पिटिशन दो फेज में आयोजित होगा। पहले फेज में ऑनलाइन क्वालिफिकेशन राउंड होगा, जिसमें से टॉप 16 टीम/प्लेयर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगे। अगला राउंड स्टेट लेवल फाइनल होगा, जो पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित होगी।

**28 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख:** इस चैंपियनशिप के लिए 28 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन होगा। 1 से 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन क्वालिफिकेशन होगा और 29 से 30 अक्टूबर तक स्टेट लेवल फाइनल होगा। इस चैंपियनशिप में चार खेल FC-24, रियल क्रिकेट-24, चेस और BGMI में खिलाड़ी भाग लेंगे। BGMI में भाग लेने वाले खिलाड़ी की उम्र 16 साल से ऊपर और चेस, रियल क्रिकेट और FC24 के लिए 12 साल से ज्यादा होनी चाहिए।

**प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 1 लाख रुपए:** विजेताओं को सर्टिफिकेट के साथ नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। BGMI में प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 1 लाख रुपए, दूसरे को 75 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं, चेस, रियल क्रिकेट और FC-24 के प्रथम विजेता को 40 हजार, दूसरे को 20 हजार और तीसरे विजेता को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

**ऐसे करें रजिस्ट्रेशन**

- UNIV ऐप पर ईमेल या मोबाइल नंबर डालकर साइन इन करें।
- ई-स्पोर्ट्स कैटेगरी के अंतर्गत ई-स्पोर्ट्स टाइटल को सेलेक्ट करें।
- टूर्नामेंट की लिस्ट से बिहार इंटर स्कूल ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप को सेलेक्ट करें।
- फिर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को भरकर सबमिट बटन पर क्लिक करें।

# अच्छे अधिकारी काम नहीं करना चाहते

एजेंसी, पटना।



♦ RJD ने CM पर साधा निशाना, कहा- एक रिटायर अधिकारी का प्रशासनिक महकमे में हस्तक्षेप बढ़ा है

RJD, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार हमलावर हैं। राजद के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अचेतता का लाभ आपके एक रिटायर अधिकारी खूब उठा रहे हैं। प्रशासनिक महकमे में इस तरह से हस्तक्षेप बढ़ा है कि अच्छे अधिकारी काम नहीं करना चाहते। काम्या मिश्रा जैसी अच्छी अधिकारी ने पद से ही इस्तीफा नहीं दिया बल्कि रिजाइन कर दिया। अब शिपदीप लांडे जैसे ईमानदार अधिकारी ने रिजाइन कर दिया।

**सिर्फ चेहरा दिख रहा आवाज नहीं निकल रहा:** RJD ने कहा कि नीतीश कुमार के स्वर नहीं निकल रहे। कार्यक्रम में सिर्फ चेहरा दिखता है। आखिर हो क्या गया है ? बिहार आपकी अचेतता अवस्था का दंश कितने दिन भुगतेगा। रिटायर अधिकारी के मन में जो आ रहा है। करते जा रहे हैं। प्रशासन में बैठे अधिकारियों के बीच त्राहिमाम की स्थिति है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल चल रहा है।

**तेजस्वी भी चुप्पी पर सवाल उठा चुके हैं:** बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी पर नेता प्रतिपक्ष भी कई बार सवाल उठा चुके हैं। तेजस्वी यहां तक कह चुके हैं कि सरकार की ओर से अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। नीतीश कुमार गूंगे, अंधे और बहरे हो चुके हैं, अफसर उनको बोलने ही नहीं दे रहे हैं।

BPSC में अब तक की सबसे बड़ी वैकेंसी

# 70वीं भर्ती परीक्षा में 1964 पदों के लिए निकली भर्ती

एजेंसी, पटना।

BPSC 70वीं कंबाइंड परीक्षा का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। 1964 पदों पर भर्ती निकली है। बिहार लोक सेवा आयोग के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है। वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन कल तक जारी किया जाएगा। आरक्षण को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट की फैसला आने के बाद प्रीलिम्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। परीक्षा में तीन प्रश्नों के गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक कट जाएगा। पहले चार गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक काटा जाता था। BPSC ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की शैली को अपनाया है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा कि बीपीएससी के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है।



**8 से 10 लाख आवेदन आने की संभावना:** BPSC 70वीं में इस बार 8 से 10 लाख आवेदन आने की संभावना है। इससे पहले 400 से 800 पदों के लिए भर्ती निकलती थी। इसमें 4 लाख से अधिक आवेदन आए थे। इस बार रिक्त पदों की संख्या दोगुनी है। इसमें देशभर के सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्र जुटेंगे।

# बाढ़ अनुमंडल में गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल के पार, NH-31 पर बाढ़ का पानी, सड़क पर जाम की स्थिति

एजेंसी, पटना।

पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गंगा खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर, अथमलगोला, पंडारक और मोकामा के कई तटीय गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

**प्रति दो घंटे में एक सेमी. की वृद्धि:** केंद्रीय जल आयोग के हाथीदह के सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह के मुताबिक गंगा ने 2016 का अधिकतम रिकॉर्ड 43.17 सेंटीमीटर को तोड़ दिया है। वर्तमान में 2021 के अधिकतम जलस्तर 43.52 से महज 20 सेमी. कम रह गई है। यानी खतरे के निशान से 1.76 मीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर में प्रति दो घंटे में एक सेमी. की वृद्धि दर्ज की जा रही है। जिससे भारी तबाही की आशंका है। हालांकि प्रशासन काफी मुस्तैद है।



**कई घरों में घुसा बाढ़ का पानी:** बाढ़-बख्तियारपुर मुख्य सड़क मार्ग एनएच-31 पर 2 से 3 फीट पानी भर गया है। जिससे जाम की स्थिति बनी हुई है। लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। अथमलगोला के सबनीमा गांव के पास सड़क पर पानी भर गया है। इसी तरह बख्तियारपुर के वार्ड नंबर 25, 26 और 27 में भी बाढ़ का पानी सड़क पर आ गया है। कई घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है।

**सड़क किनारे रहने को मजबूर:** इधर, बाढ़ के चलते दियारा इलाके में लोगों ने पलायन करना

**दियारा इलाके से पलायन जारी**

शुरू कर दिया है। अपने रिश्तेदारों या एनएच किनारे रहने को मजबूर हैं। सड़क किनारे बांस और प्लास्टिक के त्रिपाल से छत बनाकर लोग रह रहे हैं। हालांकि पीड़ित परिवार को सरकारी मदद पहुंचाई जा रही है। पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में अधिकारियों और नेताओं का दौरा लगातार जारी है।

**लोगों की सुविधा के लिए नाव की व्यवस्था:** प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव की व्यवस्था की गई है। सभी पंचायतों में राजस्व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है। बख्तियारपुर के काला दियारा पंचायत में 4, रूपस महाजी में 3, रूपस चिरैया पंचायत में 4, हरदासपुर दियारा पंचायत में 3 और अथमलगोला के रामनगर सतभैया पंचायत में 2 नावों का परिचालन किया जा रहा है।

# लालू यादव के खिलाफ CBI केस की मंजूरी, लैंड फॉर जॉब मामले में केन्द्र सरकार ने मुकदमा चलाने की इजाजत दी

एजेंसी, पटना।

केन्द्र सरकार ने CBI को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। CBI ने यह जानकारी राउज एवेन्यू कोर्ट को दी है। इससे पहले 18 सितंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 'तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे।' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू



राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सभी को कोर्ट में पेश होना होगा। किरण देवी रेलवे में नौकरी पाने वाले एक कैंडिडेट की मां हैं जिस किरण देवी को कोर्ट ने समन जारी किया है वो पटना की रहने वाली हैं। किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी थी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई।

**अमित कात्याल को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली है नियमित जमानत:** लैंड फॉर जॉब मामले में राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल को दिल्ली हाईकोर्ट ने नियमित जमानत मिल चुकी है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि 'आरोपी लगातार जांच में शामिल हो रहा है और किसी भी स्तर पर पूछताछ के लिए जारी समन से बचने की कोशिश नहीं की है। तथ्यों को देखते हुए आरोपियों के भागने की आशंका नहीं है, आरोपी 10 नवंबर 2023 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में ट्रायल को पूरा होने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में आरोपियों को जेल में रखने से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा।'

# खुसरूपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक की मौत

एजेंसी, पटना।

स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने से हादसा, घंटों मशक्कत के बाद मिला शव

पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया। घंटों मशक्कत के बाद शव मिला। मृतक की पहचान बैकठपुर गांव निवासी अखिलेश झा के पुत्र प्रकाश झा(18) के तौर पर हुई है।

**युवक को तैरना नहीं आता था:** ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। आसपास के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। प्रकाश को तैरना नहीं आता था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मामले की सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। खुसरुपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया को पोस्टमार्टम के लिए शव को पटना भेज दिया गया है। मामले कीछानबीन की जा रही है।

# पटना में बच्चे का शव नदी में मिला

परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, 24 घंटे से था लापता

एजेंसी, पटना।

पटना के धनरूआ इलाके में लापता बच्चे का शव 24 घंटे बाद नदी से मिला है। परिजनों का आरोप है निर्मम तरीके से हत्या कर शव को नदी में फेंका है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान बालकचक निवासी अरुण बिंद के पुत्र सौरभ कुमार के तौर पर हुई है।

**एसडीआरएफ ने नदी से निकाला बाहर:** परिजनों ने बताया कि सौरभ गुरुवार को किसी काम से घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा। जिसके बाद खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच शुक्रवार को पुलिस को एक शव मिलने की सूचना मिली। जानकारी



मिलने पर हमलोग भी मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की मदद से शव को बाहर निकाला गया। बच्चे की पहचान सौरभ के तौर पर हुई, जो पिछले 24 घंटे से लापता था।


**परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप:** पुलिस ने मछली मारने के दौरान नदी में डूबने की आशंका जताई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। जबकि परिजनों को कहना है बच्चे की हत्या हुई है।

# विजयदशमी के लिए 80 फीट का रावण हो रहा तैयार, राजस्थानी-मैथिली परिधान में दिखेगा रावण

एजेंसी, पटना।

पटना में दशहरा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट की ओर से इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम गांधी मैदान में ही होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि इस बार रावण राजस्थानी और मैथिली परिधान में नजर आएगा। रावण की ऊंचाई 80 फीट होगी, जो पिछले साल से 10 फीट ज्यादा है। पिछले साल रावण 70 फीट का था। वहीं, 75 फीट का कुंभकरण और 70 फिट का मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है। 12 अक्टूबर को पुतला दहन कार्यक्रम होगा।



**खराब मौसम में भी जलेगा रावण:** उन्होंने आगे कहा कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि अगर मौसम खराब हुआ या बारिश हुई तो भी रावण का पुतला गलेगा नहीं। वह जलते रहेगा। पिछले साल से इस बार बहुत अलग हटकर बनाया गया। इस बार स्मार्ट रावण और बहुत खूबसूरत बना है। पुतलों को बारिश से बचाने के लिए पतली पॉलीथिन का कवर भी बनाया जा रहा है। रावण दहन के साथ आतिशबाजी का नजारा दिखेगा।

**वृंदावन से आएंगे रामलीला के 30 कलाकार:** इस रावण दहन से पहले पटना के ठाकुरबाड़ी में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए वृंदावन से 30 कलाकार आ रहे हैं। 11 दिन तक यह रामलीला चलेगी। विजय दशमी को दोपहर 2 बजे श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ लंका विजय के लिए निकलेंगे। उनके साथ लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी भी रहेंगे। श्रीराम अपनी सेना के साथ पटना के अलग-अलग रास्तों से होते हुए गांधी मैदान पहुंचेंगे। फिर श्रीराम के हाथों रावण का वध किया जाएगा। उसके बाद तीनों पुतलों को अग्नि के हवाले किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मझौलिया में पदस्थापित एएनएम की आकस्मिक मौत

**चा० भूमि मझौलिया।** सीएचसी मझौलिया में पदस्थापित एएनएम पिंकी कुमारी की शुक्रवार को अहले सुबह मौत हो गयी। वह चनायनबान पंचायत निवासी पप्पू प्रसाद की पत्नी थी।जानकारी के अनुसार एएनएम संजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित एक शोक सभा मे दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोक व्यक्त करनेवालो में एएनएम सुदामा कुमारी सिंह, किरण कुमारी सीएचओ पूनम कुमारी, बीसीएम श्याम नारायण निराला , प्रधान लिपिक शुशांत कुमार आदि का नाम उल्लेखनीय है।

### केसीसी के आवेदनों को बिना कारण ना करें खारिज-जिलाधिकारी

**चा० भूमि मधुबनी।** डीएम अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिले में बैंकिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों/ योजनाओं की समीक्षा की गई। जिनमें केसीसी, जीविका, पीएमएसबीएनिधि, जेएलजी, हाउसिंग, आधार से सीडिंग, एसआरटीओ, आरसीईटीआई के साथ- साथ शिक्षा ऋण, पीएमईजीपी, मुद्रा लोन और पीएमजेडीवाई में प्रगति की समीक्षा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं बैंकरों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पीएमईजीपी और पीएमजेडीवाई में वे और भी प्रगति की अपेक्षा रखते हैं। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति की लगातार समीक्षा की जाएगी और उपस्थित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी बैंकों को ऋण मुहैया कराने के लक्ष्य को अभियान चलाकर पूरा करना होगा, डीएम ने कहा कि असंतोषजनक प्रगति करने वाले बैंक के प्रति कड़े कदम उठाए जाएंगे, केसीसी की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार देखा गया है कि केसीसी के आवेदनों को बैंक छोटी वजहों से खारिज कर देते हैं, कोई बड़ी वजह ना होने पर आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए उसका निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में माननीय खजौली विधायक अरुण शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक गजेंद्र मोहन झा, डीडीएम नाबार्ड प्रशांत, आरबीआई एलडीओ रोहित चौधरी, आरसेटी डायरेक्टर पीयूष पुष्पम, प्रशिक्षु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमन कुमार आकाश, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत जिले के सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### अनुमंडलीय अस्पताल में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**चा० भूमि बगहा।** अनुमंडलीय अस्पताल में साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपादित की गई। बैठक में कायाकल्प प्रमाणीकरण गाड्र्स की कार्यशैली साफ सफाई पानी बिजली रोस्टर ड्यूटी मरीज के साथ सौम्य व्यवहार बर्ताव ,कर्मचारियों को ड्रेस कोड एवं ड्यूटी रोस्टर में काम करने की बात कही गई। बैठक मे विभाग बार समीक्षा की गई और आवश्यक सलाह व सुझाव दिए गए। इस अवसर पर स्थापना लिपिक शशि कुमार शर्मा अवधेश कुमार प्रसाद, पक्ष प्रभारी संस्करण सरल, संगीता, आर्य, आराधना, शहजादी, लिली ,डेजी ,विजय कुमार ,शमशाद हुसैन, रमेश रंजन आदि मौजूद है।

### एसएसबी ने दो मवेशी तस्कर को धर दबोचा

**चाणक्य भूमि।** एसएसबी 21 वीं बटालियन बगहा के रमपुरवा बीओपी के जवानों ने भारत-नेपाल सीमा के के पास से तस्करी के दो मवेशियों के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। इन मवेशियों को नेपाल के सीमा में प्रवेश कराया जा रहा था। जप्त किए गए मवेशियों में एक भैंस व एक पाड़ा शामिल है। पकड़े गए तस्कर की पहचान वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के झंडहवा टोला निवासी रामाश्रय राम एवं सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के थाना निचलौल निवासी कयामत अली के तौर पर की गई है। एसएसबी ने मवेशियों व तस्करो को वाल्मीकिनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनो तस्करो को जेल भेज दिया गया है।


### स्कूल में किंग कोबरा सांप घुसने से मची अफरा-तफरी

**चा० भूमि बेतिया।** मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पचरुखी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक किंग कोबरा (सांप) विद्यालय परिसर में घुस गया जिससे थोरी देर के लिये विद्यालय में हड़कंप मच गया। हालांकि छात्र-छात्राओं के शोर मचाने पर पहुंचे प्रिंसिपल राजेश प्रसाद और सहायक शिक्षक संदीप कुमार ने सांप का रेस्क्यू कर नदी के तरफ छोड़ दिया है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज कुमारबाग में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन

**चा० भूमि बेतिया।** शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल-एआईसीटीई नई दिल्ली के निर्देशन में इंजीनियरिंग कॉलेज कुमारबाग में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच स्टार्टअप और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ावा देना है।संस्थान के प्राचार्य डा. विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस आंतरिक हैकथॉन का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 के लिए छात्र टीमों को तैयार करना था।

### परबती पैंथर ने जीता भागलपुर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मुकाबला



**भागलपुर( बिहार )** यूथ एसोसिएशन के तत्वावधान मे भागलपुर चैंपियंस ट्रॉफी सीजन फस्ट 2024 का फाइनल मुकाबला परबती पैंथर ने कर्णगढ किंग्स को 9 रनो से शानदार जीत कर विजेता का खिताब जीता।टास परबती ने जीतकर पहले बैटिंग कर 16 ओभर मे 95 रन बनाया।टिम के लिए विशाल ने 29,आकाश ने 21 ओर संतोष ने 20 रनो का योगदान दिया।गेंदबाजी मे कर्णगढ किंग्स ने गेंदबाजी करते हुए बिहारी ने 03,राहुल ने 02 ओर साकेत ने 02 विकेट लिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए कांग्रेस किंग्स ने 9 विकेट खोकर 16 ओवर मे 86 ही रन बना पाई,कर्णगढ किंग्स की टिम के लिए वीरू सिंह ने 35 सचिन भारद्वाज ने 17 दिव्याशु ने 10 रन का योगदान दिया,मैन ऑफ द मैच परबती पैंथर के विशाल को दिया गया।मैन ऑफ द सिरीज तिलकामांझी टाइटंस के राकेश कुमार ऊर्फ काजू को दिया गया,बेस्ट फिल्डर का एवार्ड रितेश को,बेस्ट बैस्टमैन का एवार्ड कर्णगढ किंग्स के गोलू को दिया गया।समारोह मे विशिष्ट अतिथी के रूप मे डा आलोक यादव, जैन हसन,उपमेयर सल्लाउदिन हसन,प्रशांत विक्रम ने संयुक्त रूप से विजेता टिम को पुरस्कार दिया।मैच के दौरान जे पी उजाला ,भागलपुर यूथ एसोसिएशन सह आयोजन समिती के अध्यक्ष अमरदीप साह, कोषाध्यक्ष अमित वर्मा, शिशुपाल भारती,कमर आलम,अमरेंद्रझा ,गौरव,सौरभ ,रिशु आदि थे,कमेंटेटर मे शंकर सुमन,इम्पायरिग मे मनोज गुप्ता ओर अभय कुमार थे,स्कोरर मे अंकित थे।भवदीय

# जिलाधिकारी ने शिकायतों को प्राथमिकता से त्वरित निष्पादन करने को कहा

**चा० भूमि मधुबनी**



जिलाधिकारी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कुल 64 परिवादीयों ने अपनी शिकायतों के साथ जिलाधिकारी से मिले।

जिलाधिकारी ने आए हुए सभी परिवादियों से बारी- बारी से शिकायतें सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।उक्त अवसर पर डीडीसी दीपेश कुमार, अपर समाहर्ता शैलेश कुमार भी उपस्थित थे।

## नल जल के पानी से हुआ सड़क पर हुए जल जमाव से ग्रामीण आक्रोशित

**चा० भूमि योगापट्टी**



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के दरवलिया पंचायत के वार्ड नंबर 13 में बीते 6 माह से नल जल का पाइप लीक होने से सड़क पर जल जमाव हो गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग आधिकारी समेत जनप्रतिनिधि कई बार इसकी शिकायत किया लेकिन अभी तक इसको बनवाया नहीं गया। ग्रामीणों का कहना है कि हजारों लीटर पानी प्रत्येक दिन बर्बाद होता है। एक तरफ सरकार ने शुद्ध पेयजल को संग्रह करने व उसे अच्छा तरीके से उपयोग करने का तरह-तरह का अल्टिमेटम दे रहा है। तो इधर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण प्रत्येक दिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बर्बाद हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में चंडी साह महेंद्र साह, प्रतिमा देवी, कमलेश ठाकुर, गीता देवी आदि मौजूद रहे इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि राहुल दुबे ने बताया कि इसकी सूचना पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को दिया गया लेकिन अभी तक सुधार नहीं किया गया है शीघ्र ही इसे सुधार कर दिया जाएगा।

## एसएसबी ने स्कूली बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**चा० भूमि वाल्मीकिनगर**

एसएसबी बी 21वीं बटालियन द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत संत जेवियर्स स्कूल वाल्मिकी नगर में एसएसबी के जवान, स्कूल के अध्यापक और स्कूल के बच्चों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। शपथ के मध्यम से सबको बताया गया को हफ्ता में कम से कम 2 घंटे सफाई अभियान में अपना योगदान देना है। इस स्वच्छता अभियान के अवसर पर हुए चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 5 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार पीहू गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार आराध्या राज, तृतीय पुरस्कार समायरा प्रवीण, चौथा पुरस्कार लव सोनी, और पांचवा पुरस्कार जाह्नवी कुमारी को दिया गया।इस मौके पर एसएसबी के तरफ से जयंत बोरा (सहायक कमांडेंट) निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, मुख्य आरक्षी एल टंडन, राज कुमार, रविन्द्र के साथ करीब 20जवान और संत जेवियर्स स्कूल वाल्मिकी नगर के प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह, अंकित, आकाश और अन्य अध्यापकगण के साथ करीब 500 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। स्वच्छता का शपथ निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल के द्वारा दिलाया गया।

## स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता को जीवन मे अपनाने की नसीहत




**चा० भूमि मझौलिया**

**» माधोपुर केविके में सीडीपीओ व जीविका दीदियों की रही भागीदारी**

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत शुक्रवार को कषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जीविका, बाल विकास कार्यक्र पदाधिकारी मझौलिया पूनम कुमारी, सहायक निदेशक उद्यान पश्चिम चंपारण, कषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक प्रताप ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीपीएम राजेन्द्र कृष्ण निखिल ने स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर भरपूर फोकस किया। उंन्होने कहा कि जिले में चालीस हजार स्वयंसेवी जीविका के तहत जीविकोपार्जन को बढ़ावा दे रहे है जीविका दीदी। हार्वेस्ट प्लस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पोषण माह के उपलक्ष्य में कृषक गोष्ठी में भारी भीड़ उमड़ी। डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने बताया कि यह कार्यक्रम जनसमुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु यह कार्यक्रम के प्रति वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। उंन्होने किसानों को पोषण के प्रति जागृत किया।

बाल विकास पधाधिकारी पूनम कुमारी ने कुपोषण की समस्या एवं इसको दूर करने के उपायों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उंन्होने बताया कि शून्य से 6 वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर और उनके शारीरिक विकास की जांच करना अति आवश्यक है। कुपोषण की स्थिति पाये जाने पर बेहतर पोषण को बनाए रखने की आवश्यकता होनी चाहिए। सहायक निदेशक उद्यान राजू रावत ने कहा कि पोषण वाटिका के मदद से पोषण तत्वों की प्राप्ति कर सकते है। क्लस्टर क्विकास अधिकारी टीएन पांडेय ने बायो फोर्टीफाइड प्रभेद के पोषक तत्वों के बारे में एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। गृह वाटिका लगाकर जैविक सब्जिया उगाकर अपने परिवार को स्वस्थ रखने का आह्वान किया। मौसमी सब्जियों के बीज एवं बीमारियों से सम्बन्धी जानकारी दी। धन्यबाद ज्ञापन प्रगतिशील किसान सुशील कुमार जायसवाल ने किया।

## मोतिहारी में शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर बैठक आयोजित

**चा० भूमि**



**» 25 प्रतिशत कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन गैर सरकारी विद्यालयो में हो- गप्पू राय**

**एस गुप्ता मोतिहारी।** जिला परिषद सभागार मोतिहारी में शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर बैठक आयोजित हुईं। बैठक शिक्षा समिति के अध्यक्ष, ईश्वरचन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष द्वारा शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि शिक्षा पर देश का भविष्य एवं संसकार निर्भर है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही की जायेगी शिक्षा समिति के सहयोजित सदस्य, ई0 शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय द्वारा मध्यह्न भोजन में गड़बड़ी, शिक्षको के नियम विरूद्ध प्रतिनियुक्ति, विद्यालयो में कनीय-वरीय के प्रभार का मामला आय दिन अखबारो के सुर्खियो में रहता है जिससे शिक्षा व्यवस्था के साथ जिले की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्न चिन्ह उठता रहता है जिससे हर हाल में रोका जाना चहिए।

उन्होने साफ तौर पर कहां कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो जिससे अधिक से अधिक लोग लाभानवित हो जिसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाय जिसमें सभी जन प्रतिनिधियो की भगीदारी सुनिश्चित करायी जाय ताकि लोगो तक यह खबर प्रचारित हो। श्री राय ने कहां कि 25 प्रतिशत कमजोर वर्ग के लोगो का नामांकन गैर सरकारी विद्यालयो में होना है परन्तु विद्यालय इसे गंभीरता से नही ले रहे है जिसपर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है तथा पी0एम0 पोषण योजना तथा सिविलियन कार्यो की जॉच जिला स्तरीय कमिटी बनाकर करने का निर्णय लिया गया है।

श्री राय ने चेतावनी देते हुए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं साधन सेवी से कहां कि अपनी जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करे अन्यथा कार्रवाई हेतु तैयार रहे।

श्री राय ने विद्यालयो में थाली, बेंच-डेस्क की अपूर्ति एवं मरम्मति में हुई भारी अनियमितता पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को जॉच कर प्रतिवेदित करने का निदेश दिया। इस बैठक में मो0 नसीम अख्तर, सुमन वर्मा, मनोज सहनी, सदस्य शिक्षा समिति के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान के साथ सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं साधन सेवी उपस्थित थे।

## भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाकर कर केशरनाथ मंदिर में की सफाई

**चा० भूमि**



**केसरिया, पू.च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पखवाड़ा पर शुक्रवार को केशरनाथ मंदिर व ऐतिहासिक स्मारक स्थलों का मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर परिसर में एक पौधा मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। जिला मंत्री शम्भु महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का कार्य करना है। उन्होंने सशक्त विकसित भारत का निर्माण करने के लिए भाजपा का सदस्य बनने का आह्वान किया। मंडल महामंत्री अविनाश सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा स्वछता अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी है। मौके पर सुरेश सहनी, शैलेंद्र गिरी, मनोज पासवान, अविनाश सिंह, रामश्री मुखिया, अरुण गिरी, संजय प्रसाद, शत्रुघ्न साह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महापौर ने कहा स्वच्छता-व्रत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं सभी नगरवासी

**चा० भूमि बेतिया**



**» नगर के लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में चला 'स्वच्छता ही सेवा' का अभियान**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर ने अपने नगर पार्षद पति और अन्य के साथ स्वयं झाड़ू लगाया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में वार्ड 17 अंतर्गत लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में व्यापक साफ सफाई की गई। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि सड़क पर कचरा रखना या फेकना दंडनीय अपराध है। इसलिए अपने आसपास महापौर के अलावें स्थानीय नगर पार्षद रोहित कुमार सिकारिया, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर आदित्य मधुकर, पार्षद इंद्रजीत यादव आदि की झाड़ू लगाकर साफ सफाई में अपनी सहभागिता दिखाई। इस मौके पर सबको प्रेरित करते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि "स्वच्छता ही सेवा" का यह अभियान एक सम्पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए व्यापक पहल है।

जिसका उद्देश्य दैनिक जीवन में स्वच्छता और सफाई के प्रति हम सबको जीवनभर की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि मैं अपने नगर निगम वासियों से अपील करती हूं कि अपने घर या प्रतिष्ठान के निकलने वाला सुखा और गीला कचरा डस्टविन में अलग अलग डालें। महापौर ने लोगों से कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं, आसपास साफ सफाई रखें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मौके पर पार्षद मनोज कुमार, ओबैद अहमद, अधिकारी अशफाक अहमद, अधिकारी अर्पित राय, सफाई निरीक्षक जुलम साह, घारी प्रभारी तबरेज आलम, वार्ड जमादार इंदल कुमार, समाजसेवी नवेंदु चतुर्वेदी एवं वार्ड नंबर 17 के स्थानीय नागरिको ने स्वच्छता की इस अभियान में भागीदारी दी।

## प0 सुन्दरापुर में हुए हत्या मामले में एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**चा० भूमि**



**केसरिया, पू.च।** बिजधरी थाना के पश्चिमी सुन्दरापुर के मणि प्रकाश का शव पोस्टमार्टम उपरांत शुक्रवार को स्वजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद उसका दाह संस्कार किया गया। अहले सुबह से ही मृतक के घर लोगों का तांता लगा हुआ था। पूरे क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम हुई इस निर्मम हत्या की चर्चा हो रही है। वही शुक्रवार के देर शाम को पुलिस की विशेष टीम ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि घटना के 24 घंटे के अंदर विशेष गठित टीम ने एक हत्या आरोपी बिजधरी थाना के जियालाल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

मणि प्रकाश अपने गाँव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय मौजे में रात्रि प्रहरी के रूप में तैनात था। वही मृतक की पत्नी रिंकी कुमारी वार्ड संख्या एक में आंगनबाड़ी सेविका के पद पर कार्यरत है। जबकि मृतक के बड़े भाई संजय यादव मुजफ्फपुर जिला के साहेबगंज स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है। मृतक के दो अबोध पुत्र और एक पुत्री को यह भी नहीं समझ में आ रहा है कि उनके सर से पिता का साया उठ गया है। बता दें कि मणि प्रकाश की हत्या गुरुवार की देर शाम को हथियारबंद अपराधियों ने कर दिया था। बताया जा रहा है कि मणि प्रकाश को उसके घर से बुलाकर ले जाया गया और गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक को सभी गोली पीछे से मारी गई है। जिसमें एक गोली सर में और तीन गोली उसके पीठ में मारी गई है। मृतक के भाई संजय यादव ने बताया कि जब वह घर मे बैठे थे तो उन्हें ग्रामीण ने बताया कि उनके भाई को मुजहन गाँव मे जाने वाली सड़क में टावर के समीप अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई है।

# चेन्नई टेस्ट- बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर सिमटी, भारत को 227 रन की बढ़त

एजेंसी, चेन्नई



भारतीय तेज गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बांग्लादेश को 149 रनों पर समेट दिया। पहली पारी के आधार पर भारत को 227 रनों की बढ़त मिली है। भारत ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने 8 विकेट झटके, बुमराह के नाम 4 विकेट आए। बांग्लादेश की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही। और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम (02), जाकिर हसन (03), कप्तान नजमुल हसन शांतो (20), मोमिनुल (00) और मुश्फिकुर रहीम (08) पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए। रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 113 रन बनाए, जबकि रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए, वहीं, यशस्वी जयसवाल ने भी अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। मैच में बांग्लादेश ने हरी होने और तेज गेंदबाजों की मददगागर पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश को इसका फायदा भी मिला, जब हसन महमूद ने कप्तान रोहित शर्मा (06), शुभमन गिल (00) और विराट कोहली (06) को केवल 34 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज कर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद केएल से पहले 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए पंत ने जयसवाल के साथ भारतीय पारी को संभाला, हालांकि लंच से ठीक पहले शादमान ने उनका कैच छोड़ा, नहीं तो भारत की मुश्किलें और बढ़ सकती थीं। दूसरी ओर जयसवाल सतर्क रहे और खराब गेंद को दूर रखा। पंत और जयसवाल ने संभलकर खेलते हुए चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर भारत की स्थिति संभालने की कोशिश की। हालांकि 96 के कुल स्कोर पर पंत हसन महमूद का चौथा शिकार बने। एक तरफ से संभलकर खेल रहे यशस्वी जयसवाल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद जयसवाल 144 के कुल स्कोर पर नाहिद राना का शिकार बने। जयसवाल ने 56 रन बनाए।

# महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए श्रीलंकाई टीम का ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली



आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम का शुक्रवार को ऐलान कर दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति ने 3 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

टी20 विश्व कप में श्रीलंकाई टीम की कमान चमारी अथापट्टू संभालेंगी। श्रीलंका की टीम ने हाल ही में चमारी अथापट्टू की अगुआई में ही महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम में बाएं हाथ की अनुभवी स्पिनर इनोका रनवीरा को भी मौका दिया गया है। उनके पास करीब 12 साल का अनुभव है, जिसका फायदा वो इस टूर्नामेंट में उठा सकती हैं।

**श्रीलंका की घोषित 15 सदस्यीय टीम-**

चमारी अथापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका रनवीरा, हासिनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणरत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी और अमा कंचना। कौशिनी नुथ्यांगना को ट्रैवलिंग रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है।

श्रीलंका इस प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में है और वह अपना अभियान 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेगा।

# आईपीएल 2025: राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए विक्रम राठौर

एजेंसी, नई दिल्ली



राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौर को टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। राठौर ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा, "रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विज़न में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।" भारत के लिए छह टेस्ट खेलने वाले राठौर हाल ही में भारत के बल्लेबाजी कोच थे। उनका अनुबंध जून में बारबाडोस में भारत द्वारा टी20 विश्व कप जीतने के बाद समाप्त हो गया था और वह 2012 में राष्ट्रीय चयनकर्ता भी थे। इस महीने की शुरुआत में, भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को आधिकारिक तौर पर बहु-वर्षीय अनुबंध पर राजस्थान रॉयल्स का नया मुख्य कोच नामित किया गया था। उनकी नियुक्ति इस साल जून में टी20 विश्व कप में भारत को जीत दिलाने के बाद हुई थी। द्रविड़ की आईपीएल में वापसी 2019 के बाद से उनका पहला कार्यकाल है, जब उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का कार्यभार संभाला था। 2021 में, उन्हें भारतीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और उन्होंने 11 वर्षों में भारत का पहला आईसीसी खिताब हासिल करके अपने तीन साल के कार्यकाल का समापन किया। रॉयल्स आईपीएल 2024 क्वालीफायर 2 में सनराइजर्स हैदराबाद से हार गए थे।

# चाइना ओपन : मालविका बंसोड़ क्वार्टर फाइनल में अकाने यामागुची से हारीं




एजेंसी, नई दिल्ली

भारत की मालविका बंसोड़ शुक्रवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से 10-21, 16-21 से हार गईं। विश्व में आठवें स्थान पर काबिज जापानी शटलर ने निचली रैंकिंग वाली भारतीय शटलर को केवल 35 मिनट में सीधे गेम शिकस्त दी। यह पूर्व विश्व नंबर 1 यामागुची के खिलाफ मालविका की लगातार तीसरी हार थी।

नागपुर की शटलर शुरुआती गेम में यामागुची के सामने कोई चुनौती पेश नहीं कर पाईं। यामागुची ने 12-4 से आठ अंकों की बड़ी बढ़त हासिल की और फिर गेम को 21-10 से समाप्त किया। दूसरे गेम में मालविका ने कड़ी चुनौती दी और एक समय वह 15-15 की बराबरी पर थीं, लेकिन यामागुची ने अपना कौशल दिखाते हुए बंसोड़ को पीछे छोड़ दिया। 43वीं रैंकिंग वाली बंसोड़, पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के बाद सुपर 1000 क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला बनीं, जब उन्होंने गुरुवार को क्रिस्टी गिलमोर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। इससे पहले, 22 वर्षीय बंसोड़ ने इंडोनेशिया की पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को हराया था।

## व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स ने बनाया मजबूती का रिकॉर्ड

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। हालांकि बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.50 प्रतिशत और निफ्टी 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 3.32 प्रतिशत से लेकर 2.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ग्रासिम इंडस्ट्रीज, सिप्ला, एनटीपीसी, टीसीएस और इंडसइंड बैंक के शेयर 1.37 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,303 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 1,607 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 696 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 418.24 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 83,603.04 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत शुरू होने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक लुढ़क कर 83187.64 अंक तक आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से सुबह 10 बजे के करीब सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 83,805.26 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 418.19 अंक की तेजी के साथ 83,602.99 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 110.15 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,525.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की रफ्तार में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 134.05 अंक की मजबूती के साथ 25,549.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 236.57 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,184.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 38.25 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,415.80 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

# एपीडा ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भारत की विविध कृषि-खाद्य पेशकशों को किया प्रदर्शित

एजेंसी, नई दिल्ली




राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 मेगा इवेंट में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) पैवेलियन में भारत की विविध कृषि-खाद्य पेशकशों को प्रदर्शित किया गया है। यह भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने की एपीडा की एक पहल है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 इवेंट में एपीडा पैवेलियन का उद्घाटन वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, एपीडा के वरिष्ठ अधिकारियों, कई आयातकों और निर्यातकों तथा अन्य हितधारकों की उपस्थिति में किया। एपीडा 19 से 22 सितंबर, तक आयोजित होने वाले आयोजन में ताजा उपज, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, जैविक उत्पाद और मादक पेय सहित विविध खाद्य उत्पादों की पेशकश को प्रदर्शित करने के भारत के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है।

मंत्रालय में मुताबिक एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने मध्य पूर्व के बाजारों और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में भारतीय बागवानी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के अध्यक्ष यूसुफ अली एमए के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और उसका आदान-प्रदान किया। इस साझेदारी का उद्देश्य दुनियाभर में फैले लुलु ग्रुप के हाइपरमार्केट और खुदरा दुकानों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय बागवानी उत्पादों को बढ़ावा देना है, जो वैश्विक स्तर पर भारतीय बागवानी निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में एपीडा की भागीदारी का उद्देश्य भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देना, नए बाजार खोलना और वैश्विक स्तर पर विविध और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि खाद्य उत्पादों के अग्रणी उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाना है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।

# पीयूष गोयल 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) और 12वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आर्थिक मंत्रियों की बैठकों (ईएएस ईएमएम) में भाग लेंगे। वाणिज्य मंत्री इन दोनों बैठकों में शामिल होने के लिए 20-21 सितंबर 2024 को वियनतियाने, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) का दौरा करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि एईएम-भारत की बैठक में मंत्रीगण आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए वार्ता में प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान पीयूष गोयल दो संस्थागत बैठकों के दौरान भाग लेने वाले देशों के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके अलावा वाणिज्य मंत्री मेजबान देश लाओ पीडीआर के मंत्री और कोरिया, मलेशिया, स्विट्जरलैंड और म्यांमार के दौरे पर आए मंत्रियों के साथ बैठकें करेंगे। गोयल आसियान महासचिव और एशिया और प्रशांत के लिए एक प्रमुख शोध संस्थान ईआरआईए के अध्यक्ष से भी मिलेंगे। इसके साथ ही वाणिज्य मंत्री लाओ पीडीआर में भारतीय प्रवासियों के साथ भी बातचीत करेंगे और भारत के साथ-साथ आसियान के एक उद्योग प्रतिनिधिमंडल से भी मिलेंगे। मंत्रालय के मुताबिक आसियान की अपने संवाद भागीदारों के साथ ये सालाना बैठकें इस वर्ष लाओ पीडीआर के द्वारा आयोजित की जा रही हैं, जो वर्ष 2024 के लिए आसियान का अध्यक्ष है।

# एक्सिस बैंक बन सकता है सबसे बड़ा यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर

एजेंसी, नई दिल्ली

यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइड करने के मामले में एक्सिस बैंक देश के सबसे बड़े यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर यस बैंक को पछाड़ने की स्थिति में आ गया है। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के मुताबिक सितंबर के महीने में ही एक्सिस बैंक इस मामले में यस बैंक वह पीछे छोड़ते हुए आगे निकल जाएगा। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार यस बैंक ने अगस्त 2024 में पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बैंक के रूप में कुल 5.14 अरब ट्रांजैक्शन किया, जबकि इसी अवधि में एक्सिस बैंक ने 5.13 अरब ट्रांजेक्शन किया। हालांकि दोनों बैंकों के बीच का ट्रांजेक्शन गैप पिछले साल अगस्त के महीने में 1.50 अरब का था। यानी 1 साल की अवधि में ट्रांजेक्शन गैप में काफी कमी आ गई है। यूपीआई पेमेंट सर्विस के लिए यस बैंक और देश के सबसे बड़े यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर फोन-पे के बीच सर्विस पार्टनरशिप है। इसी सर्विस पार्टनरशिप की वजह से यस बैंक यूपीआई पेमेंट सर्विस के मामले में अभी तक सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बना हुआ था। लेकिन यस बैंक में पिछले दिनों संकट होने पर फोन पे के ट्रांजैक्शन में भी अड़चन आने लगी थी। ऐसी स्थिति में एनपीसीआई में सभी यूपीआई एप्स को किसी खास बैंक पर अपने निर्भरता कम करने और कस्टमर के लिए मल्टीपल वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (एमवीपीए) बनाने का निर्देश दिया था।

# आईफोन-16 की बिक्री शुरू, दिल्ली और मुंबई के स्टोर पर लोगों की लंबी लाइन

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत में आईफोन-16 सीरीज के मोबाइल फोन की बिक्री आज से शुरू हो गई। एप्पल के नई दिल्ली और मुंबई दोनों के आधिकारिक स्टोर सुबह 8 बजे खुल गए। आईफोन-16 खरीदने के लिए लोग नई दिल्ली के साकेत स्थित सेलेक्ट सिटी वॉक में लंबी कतार में खड़े दिखे। एप्पल के स्टोर 11 बजे सुबह खुलते हैं। लेकिन, एप्पल के नए फोन खरीदने के लिए दोनों स्टोर के बाहर लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है।

कंपनी ने 9 सितंबर को अपने इस साल के सबसे बड़े इवेंट 'इट्स ग्लोटाइम' में एआई फीचर्स के साथ आईफोन-16 सीरीज लॉन्च किया था। इसमें आईफोन-16, आईफोन-16 प्लस, आईफोन-16 प्रो और आईफोन-16 प्रो मैक्स शामिल हैं। एप्पल ने 13 सितंबर को इनकी बुकिंग की शुरुआत कर चुकी की है। इसके कस्टमर्स फोन को ऑफिशियल वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट और अमेजन से बुक कर सकते हैं। भारत में आईफोन-16 की शुरुआती कीमत 79,900 रुपये है, जबकि प्रो मैक्स की कीमत 1,44,900 रुपये है। अमेरिका में यही आईफोन-16 मॉडल 799 डॉलर (67,100 रुपये) और प्रो मैक्स 1199 डॉलर (1,00,692 रुपये) में मिल रहा है। हालांकि, आईफोन-16 सीरीज के मॉडल्स भारत में भी असेंबल हो रहे हैं। लेकिन, प्रो मैक्स मॉडल भारत में अमेरिका के मुकाबले करीब 44 हजार रुपये और आईफोन-16 मॉडल करीब 13 हजार महंगा है।

# बिना डिग्री डॉक्टरों द्वारा की जा रही है सर्जरी

चा० भूमि बगहा



» एसडीएम गौरव कुमार ने प्राइवेट अस्पताल का किया जांच-पड़ताल दोनों सरकारी डॉक्टर निजी क्लिनिक चलाते पाये गये

अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार के द्वारा नगर के गांधीनगर स्थित जीवन ज्योति अस्पताल का जांच किया गया जांच के क्रम में अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल हो गया इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर तारीक नदीम वहां पर मौजूद थे उन्होंने बताया कि मैं और डॉक्टर अतुल कुमार राय द्वारा जीवन ज्योति अस्पताल का संचालित किया जाता है जबकि दोनों डॉक्टर फिजिशियन है दोनों के पास ऑपरेशन करने का कोई वैध सर्टिफिकेट नहीं है फिर भी उन लोगों के द्वारा अस्पताल के अंतर्गत मरीजों को यूटरस का ऑपरेशन किया जाता है और रोगियों को उपलब्ध कराए गए पर्चा में स्पष्ट किया जाता है कि यहां पर सभी तरह के ऑपरेशन होता है।

दोनों डॉक्टर तारिक नदीम अनुमंडलीय अस्पताल बगहा एवं डॉ अतुल कुमार राय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्नाटांड़ के अंतर्गत पदस्थापित है इस संबंध में एसडीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर अशोक कुमार तिवारी से वार्ता किया तो उन्होंने बताया कि डॉक्टर तारीख नदीम के पास ऑपरेशन करने का कोई सर्टिफिकेट नहीं है इसके बावजूद उनके द्वारा प्राइवेट क्लीनिक में ऑपरेशन करते हैं जो नियम के विरुद्ध है। एसडीएम के द्वारा दोनों चिकिस्को समेत अस्पताल पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जा रही है ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक पत्र निर्गत कुछ दिन पहले किया गया था अनुमंडलीय अस्पताल व पीएचसी के चिकित्सकों को निर्देशित किया गया था कि अगर किसी भी चिकित्सक का प्राइवेट अस्पताल पर नेम प्लेट दिखाई देता है तो उनके ऊपर कारवाई की जाएगी इसके बावजूद उनके द्वारा एक से अधिक स्थानों पर निजी क्लीनिक खोलकर इलाज करते इसके है। जबकि इलाज के लिए ऑपरेशन तक बगैर डिग्री अप्रशिक्षित लोग करते है।

## हरहा नदी में मिली दुर्लभ प्रजाति की मछली

चा० भूमि बगहा



» इस प्रजाति की मछली भारत में नहीं बल्कि अमेरिका की अमेज़न नदी में पाई जाती है

प्रखंड बगहा एक के मेंहदी गांव के मछुवारों को हरहा नदी में शिकार करने के दौरान दुर्लभ प्रजाती की मछली मिली। लोग इसे देखने व पहचानने के लिए दूर दूर से आ रहें है। यह मछली आकर्षण का केंद्र बनी हुईं थी। मिली जानकारी अनुसार यह मछली की अलग पहचान है जिसको सकरमाउथ अथवा प्लीकॉस्टमस कैट फिश के नाम से जाना जाता है। इस प्रजाति की मछली भारत की नदियों में नहीं बल्कि यहां से हजारों किलोमीटर दूर अमेरिका की अमेज़न नदी में पाई जाती हैइस प्रजाति की मछली भारत की नदियों में नहीं बल्कि यहां से हजारों किलोमीटर दूर अमेरिका की अमेज़न नदी में पाई जाती है लेकिन अब यह मछली यहां भी पाई गई है चिंता का विषय है क्योंकि यह मछली मांसाहारी है। अब यह मछली बिहार के नदियों में अकसर मिल रहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मेहदी गांव निवासी बुद्धन साह जाल से हरहा नदी में मछली मार रहे थे। इसी क्रम में जाल में यह मछली फंस गई। श्री साह ने पहली बार इस मछली को देखा और पूरे क्षेत्र में चर्चा हो गया। लोग देखने आने लगे।

## पैर फिसलने से किशोरी नदी में डूबी एसडीआरएफ टीम कर रही है खोज



चा० भूमि बैरिया

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी पटजीरवा पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी दसई महतो की पुत्री विनीता कुमारी घोड़हीया घाट के पास पैर फिसलने से नदी में गिर गई।लड़की के परिजनों का कहना है कि पैर फिसलने से वह नदी में डूब गई।

अंचलाधिकारी को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने नदी में खोजबीन की लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी।




# खाद्यान्न को सही वजन के साथ वितरण नहीं कराने पर होगी कार्रवाई

चा० भूमि बगहा



बगहा के अनुमंडल सभागार में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रखंडवार आधार सीडिंग की स्थिति एवं शत प्रतिशत सीडिंग कराने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी ने दिया। एसडीएम ने ऑनलाइन राशन कार्ड का समय से निष्पादन करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि अगर समय सीमा के अन्दर राशन कार्डो के आवेदनों का निष्पादन नही किया जाता है तो बिहार लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

खाद्यान्न वितरण कार्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश आपूर्ति निरीक्षक को दिया गया। अनुमण्डल अन्तर्गत प्रखंड बगहा-1 का 14 एसआईओ लंबित पाया गया। खाद्यान्न उठाव को लेकर बगहा-1 सहायक गोदाम प्रबन्धक को पूर्ण कराने का निर्देश एसडीएम के द्वारा दिया गया। जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकान का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक को समाप्त किया गया। बैठक में मा0 विधायक राम सिंह, राकेश सिंह, भूपेन्द्र नाथ तिवारी, रामशंकर दूबे, मुन्ना सिंह, दयाशंकर सिंह सहित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बगहा एक, बगहा 2 एवं गोदाम प्रबन्धक मधुबनी, बगहा 1 आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में 350 बच्चों के आँखों की हुई जांच

चा० भूमि बगहा



प्रखंड बगहा एक दिल्ली पब्लिक स्कूल में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल सारण के द्वारा स्कूल स्कीमिंग के तहत विद्यालयों में निशुल्क नेत्र जांच के लिए कैंप किया जा रहा है। इसी दौरान प्रखंड बगहा एक के भैरोगंज में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों का नेत्र जांच किया गया। इस दौरान ऑप्टोमेस्टिक आयुषी जायसवाल ने बताया कि बच्चों को नेत्र जांच के बाद उचित परामर्श दिया गया। वही जिन बच्चों को आंखों में ज्यादा परेशानी थी उन्हें रेफर किया गया। इस दौरान आयुषी जायसवाल ने बताया कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में मुफ्त में दवा चश्मा और ऑपरेशन की व्यवस्था दी जाती है। वही पश्चिमी चंपारण के बगहा में मिनी हॉस्पिटल छोटा ऑपरेशन के लिए तथा बड़े ऑपरेशन के लिए सारण छपरा भेज दिया जाता है।

इस नेत्र जांच क्रम के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल भैरोगंज मे कूल 350 बच्चों की जांच की गई जिसमें से 34 बच्चों को आंखों में ज्यादा प्रॉब्लम के लिए रेफर की सलाह दी गई । वहीं आठ बच्चों को चश्मा दिया गया मौके पर प्रीति पटेल , आयुषी जायसवाल , वंदना कुमारी, सपना कुमारी जुली कुमारी, मधु कुमारी, निकिता कुमारी ,सोनी कुमारी, उपस्थित रही ।




# जिले में घर-घर होगी कुष्ठ रोगियों की खोज

चा० भूमि बेतिया

» वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग का जड़ से सफाया करने का लक्ष्य हैं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुष्ठ रोग का होता है इलाज

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले के सभी 18 प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों पर 19 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से कुष्ठ रोगियों की खोज की जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि अभियान के बेहतर संचालन को लेकर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, स्वास्थ्य उत्प्रेरक एवं पारा मेडिकल वर्कर को अभियान को लेकर पत्र भेजा गया है। आशाओं को भी निर्देश दिया गया है कि घर-घर रोगियों की खोज करें।

डॉ दीपक कुमार ने बताया कि जिले में अभी 491 कुष्ठ रोगी हैं जिनका इलाज विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ का इलाज संभव है इसके लिए एमडीटी की टैबलेट के नियमित सेवन की सलाह दी जाती है।

कुष्ठ रोग के लक्षण में चमड़ी पर चमड़ी के रंग से फीके या बदरंग दाग धब्बे, जिसमें सुन्नपन हो यानी जिन दागों में खुजली, जलन या चुभन न हो। चेहरे पर लाल, तामिया, तेलिया चमक हो। तंत्रिकाओं में सूजन, मोटापा, हाथ-पैरों में सुन्नपन और सूखापन हो। यह भी कुष्ठ की पहचान है। जांच में कुष्ठ की पुष्टि होने के बाद कुष्ठ रोगियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए जिले में सुपरवाइजर के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को भी लगाया गया है। आशा कार्यकर्ताओं को प्रति कुष्ठ रोगी की खोज पर 200 रुपया प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को प्रदान किया ट्राईसाइकिल

चा० भूमि बेतिया



» ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्राप्त कर खुशी से खिल उठे लाभुकों के चेहरे


जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' एवं उज्वल दृष्टि योजना के तहत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किया ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी।

जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने आज समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 30 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, 03 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र, 45 वैशाखी एवं वरिष्ठ नागरिकों को 07 चश्मा प्रदान किया।दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्रदान करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इससे आप सभी का जीवनयापन सुदृढ़ होगा। बैट्री चालित ट्राईसाइकिल से एक ओर दिव्यांगजन अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ायेंगे वहीं विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में इसका उपयोग कर अपना भविष्य उज्वल बनाएंगे।

ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, वैशाखी प्राप्त कर लाभुकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभुक मदन सिंह, नदिम आलम, बृजेश महतो, नंदलाल यादव, इजहार अंसारी, नंदलाल यादव, विनेश कुमार आदि ने जिला प्रशासन को तहेदिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ऐसे ही अन्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को लाभान्वित करते रहे।


सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, श्री ब्रजभूषण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड बेतिया के 11, चनपटिया के 5, मझौलिया के 7 तथा योगापट्टी के 6 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल दिया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' के तहत ही दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी अन्य सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया, जिसमे 5 श्रवण यन्त्र, 3 व्हील चेयर और 45 वैशाखी का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही विरिष्ठ नागरिकों के लिए समाज कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना उज्वल दृष्टि योजना के तहत भी 7 विरिष्ठ नागरिको निःशुल्क आंख का चश्मा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, श्री रामानुज प्रसाद सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, श्री अमरेन्द्र कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, श्रीमती बेबी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, श्री ब्रजभूषण कुमार, जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, बैरिया, श्री अरूण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।










# सड़क निर्माण कार्य को लेकर दो गुटों में मारपीट

चा० भूमि बेतिया



योगापट्टी थाना क्षेत्र के गोलाघाट डुमरी गांव में ग्रामीण रोड का निर्माण मुखिया द्वारा कराया जा रहा था। इसी दौरान गांव के एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य को रोक दिया गया, जिससे अन्य ग्रामीण आक्रोशित हो गए। दोनों पक्षों मे मारपीट होने लगी, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इस मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापट्टी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। और पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। इस संबंध में एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि डुमरी गांव में सड़क निर्माण को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और ग्रामीणों के बीच तनाव को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद दोनों पक्षों के कुछ लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714